# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–14 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने लखनऊ के राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में आज दो दिवसीय सीएसआईआर स्टार्ट–अप कॉन्क्लेव का फीता काट कर उद्घाटन किया। स्टार्टअप शोधार्थी नवाचार, उद्यमियों, निवेशकों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह भी शामिल होंगे। इस अवसर पर एनबीआरआई के निदेशक डॉक्टर अजित कुमार शासनी ने कहा कि इस आयोजन से हरित अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन को बढ़ावा मिलेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला की प्राचीर से, वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी में और अधिक सुधारों की घोषणा की थी। इस महीने की तीन तारीख को जीएसटी परिषद ने आम लोगों के लिए जीवन–यापन को बेहतर बनाने के लिए कई क्षेत्रों के लिए कर में कटौती की थी। स्वास्थ्य क्षेत्र में जीएसटी सुधारों पर एक रिपोर्ट–

***स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम जिन पर पहले 18ः जीएसटी लगता था। इस महीने की 22 तारीख से वह कर से पूरी तरह मुक्त हो जाएंगे। अब बीमा धारकों को केवल बेस प्रीमियम राशि का भुगतान करना होगा। इस क्षेत्र में टैक्स को समाप्त करने से विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त लोगों को बड़ा लाभ होगा, जो अक्सर उच्च प्रीमियम के कारण स्वास्थ्य बीमा लेने से हिचकिचाते हैं। मीडिया से बात करते हुए, बेंगलुरु के निवासी हेमंत राय सिंघानी ने बताया कि–***

***पहले प्रीमियम थे। उसके ऊपर आप जीएसटी पे करो, उससे पहले मैं अपनी सैलरी पर भी टैक्स पे कर रहा हूं तो उस हिसाब से डबल टैक्सेशन था। तो इट्स गुड। समर्थ सिंह के साथ रिशु जयसवाल आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रदेश के सभी जिलों में आज हिन्दी दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर हिन्दी भाषा के महत्व पर चर्चा के लिये संस्थाओं द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। हिन्दी के उन्नयन को लेकर निबंध और भाषण जैसी विविध प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं, जिसमें लोग बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। आज से ही कई संस्थाओं में हिन्दी पखवाड़े और हिन्दी सप्ताह की शुरूआत हो रही है। इसके तहत अगले पन्द्रह दिन तक हिन्दी से जुड़े विविध आयोजन किये जायेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को हिन्दी दिवस की बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि हिन्दी हमारी एकता का आधार और अस्मिता की प्रहरी है। यह भाषा समस्त देशवासियों को एक सूत्र में पिरोती है।

**********

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने एकीकृत भुगतान इंटरफेस–यूपीआई पर व्यक्ति से व्यापारी लेनदेन की सीमा बढ़ाकर दस लाख रुपये प्रतिदिन कर दी है। यह बदलाव कल से लागू हो जायेगा। खरीददारी के लिए बड़े डिजिटल भुगतानों को आसान और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

**********

इस बार दीपोत्सव के अवसर पर अयोध्या के राम की पैंड़ी और सरयू नदी के घाटों पर छब्बीस लाख से अधिक दीपक रौशन किये जायेंगे। राज्य सरकार ने अयोध्या में दीपोत्सव को भव्य और दिव्य बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। इस क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आगामी उन्नीस अक्टूबर को दीपोत्सव के दौरान ग्रीन फायर वर्क्स शो का आयोजन किया जायेगा। यह आतिशबाजी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त होगी। करीब दस मिनट तक चलने वाला यह शो संगीत, लेज़र इफेक्ट्स और आधुनिक कोरियोग्रॉफी से सजा होगा।

**********

सेवा पखवाड़ा के अवसर पर समाज कल्याण विभाग एक विशेष आयोजन करने जा रहा है। कर्मयोगी पखवाड़े का यह आयोजन सत्रह सितम्बर से दो अक्टूबर तक किया जायेगा। इस दौरान विभागीय अधिकारी, नियमित और संविदा कर्मी तथा शिक्षक कर्मयोगी पोर्टल **डब्लू डब्लू डब्लू आई जीओटी डॉट कर्मयोगी डॉट जीओवी डॉट इन** पर पंजीकरण कर के विभिन्न ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को पूरा करेंगे।

**********

संतान की लंबी आयु के लिए आज माताओं द्वारा जिवितपुत्रिका व्रत किया जा रहा है। व्रती महिलायें निर्जला उपवास कर अपनी संतान के लिये पूजा–अर्चना कर रही हैं। वाराणसी में गंगा और वरुणा नदी के तट पर व्रती महिलाएं भगवान जिउतवाहन की विधि विधान से पूजा अर्चना कर, उनकी कथा सुन रही हैं।

**********

प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में कल देर रात से ही आसमान में बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां बनी हुयीं हैं, जिसके चलते अगले दो से तीन दिन तक गरज–चमक के साथ रूक–रूक कर वर्षा होने की सम्भावना बनी रहेगी। उधर, प्रदेश के कई नदियों का बढ़ा जलस्तर अब गिरने लगा है। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी का जलस्तर तेजी से गिर रहा है। वाराणसी में भी गंगा के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गयी है। हालांकि अभी भी पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई तटवर्ती गांव बाढ़ की चपेट में है। प्रदेश सरकार की ओर से उन गांवों में राहत और बचाव कार्य जारी है।

**********